## 01-06-2021

1. मौजूदा सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। उन्हें चौथी बार इस पद के लिए चुना गया है, देश की संसद ने इसकी घोषणा की।
2. रूस की एक स्थानीय अदालत ने ट्विटर पर प्रतिबंधित सामग्री को हटाने में विफल रहने पर 1.9 करोड़ रूबल (लगभग 259,000 डॉलर) का जुर्माना लगाया, जिसमें अनधिकृत विरोध के लिए कॉल करना, कंपनी पर जुर्माना बढ़ाकर 2.79 करोड़ रूबल (380,000 डॉलर) करना शामिल है।
3. अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) ने अंतरराष्ट्रीय सैन्य खेल परिषद (सीआईएसएम) के साथ आपसी सहयोग के लिये समझौता किया है जिसके तहत ये दोनों संस्थाएं संयुक्त अभ्यास शिविरों का आयोजन करने के साथ एक अकादमी भी स्थापित करेंगे।
4. पर्यावरण से जुड़ी स्टेट ऑफ फाइनेंस फॉर नेचर रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु, जैव विविधता और भूमि क्षरण संकट से सफलतापूर्वक निपटने के लिए अगले तीन दशकों में प्रकृति में कुल 8.1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश की आवश्यकता है। यानी 2050 तक सालाना 536 अरब डॉलर खर्च करने होंगे है।
5. अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी अशोक बिल्डकॉन को मालदीव के फही धीरिउल्हुन कॉरपोरेशन से 1,018.36 करोड़ रुपये का ठेका मिला है, जिसके तहत 2,000 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।
6. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'सर्विसेज़ ई-हेल्थ असिस्टेन्स एवं टेली-कंसल्टेशन (सेहत) ओपीडी पोर्टल शुरू किया।
7. केंद्र सरकार ने कोविड-19 से जान गंवाने वाले 26 और पत्रकारों के परिवारों को वित्तीय सहायता दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।
8. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय संकटों की तुलना में, स्वास्थ्य संकट वास्तविक अर्थव्यवस्था पर अधिक व्यापक और दुर्बल करने वाला हो सकता है।
9. पूर्व विश्व चैंपियन तेजस्विनी सावंत क्रोएशिया में यूरोपियन शूटिंग चैंपियनशिप में न्यूनतम योग्यता स्कोर (एक्यूएस) के 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में शीर्ष पर रहीं।
10. भारतीय पुरुष फुटबाल टीम फीफा की ओर से गुरुवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में 105वें स्थान पर कायम है।
11. भारत रत्न प्रोफेसर सी.एन.आर. राव को अक्षय ऊर्जा स्रोतों और ऊर्जा भंडारण में अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एनी पुरस्कार 2020 प्राप्त हुआ है।

## 02-06-2021

1. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अपने अद्वितीय 2000 मीट्रिक टन आइसोथर्मल फोर्ज प्रेस का उपयोग करके कठिन-से-विकृत टाइटेनियम मिश्र धातु से उच्च दबाव कंप्रेसर (एचपीसी) डिस्क के सभी पांच चरणों का उत्पादन करने के लिए निकट आइसोथर्मल फोर्जिंग तकनीक विकसित की है।
2. केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने एक विशेष कल्याण उपाय के तौर पर मध्याह्न-भोजन योजना सभी पात्र बच्चों के लिए खाना पकाने की लागत घटक के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 11.8 करोड़ छात्रों (118 मिलियन छात्रों) को मौद्रिक सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।
3. भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने प्रतिष्ठित 220 केवी क्षमता वाले श्रीनगर-द्रास-कारगिल-खालत्सी-लेह ट्रांसमिशन सिस्टम को भारत सरकार के महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (पावरग्रिड) को स्थानांतरित कर दिया है।
4. रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने नई दिल्ली में महानिदेशालय राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) मोबाइल प्रशिक्षण एप वर्जन 2.0 की शुरुआत की।
5. केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में महत्वपूर्ण वृद्धि को मंजूरी दे दी है।
6. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक अनुपालन में कमियों के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड पर 10 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।
7. एचडीएफसी बैंक ने परिवर्तन के तहत महामारी के खिलाफ लड़ाई में सहायता के लिए देश भर में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को स्थापित करने और बढ़ाने के उपायों की घोषणा की।
8. ट्विटर ने ऐप स्टोर पर एक नई सदस्यता-आधारित सेवा (सब्सक्रिप्शन बेस्ड सर्विस) ट्विटर ब्लू को सूचीबद्ध किया है, जो इस बात का संकेत है कि कंपनी जल्द ही इस पेशकश का ट्रायल करने की तैयारी कर रही है।
9. जम्मू कश्मीर सरकार ने 1988 बैच के आईएएस अधिकारी अरुण कुमार मेहता को केंद्रशासित प्रदेश का नया मुख्य सचिव नियुक्त करने का आदेश जारी किया।
10. बीते वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में शुद्ध रोजगार सृजन 16.9 लाख घट गया, एसबीआई रिसर्च ने ईपीएफओ के पेरोल आंकड़ों के विश्लेषण के बाद यह जानकारी दी है।

## 03-06-2021

1. क्रिस्टियनर पुलिसिच विश्व के सबसे बड़े क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन्स लीग के फाइनल में खेलने वाले पहले अमेरिकी बन गये हैं।
2. चीन ने एक मालवाहक अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया, जो देश के नए अंतरिक्ष स्टेशन 'तियान्हे' के लिए आपूर्ति और उपकरण लेकर गया है।
3. केंद्र सरकार ने कोविड-19 के चलते जान गंवाने वालों के आश्रितों को पेंशन दिए जाने सहित कई अन्य सुविधाएं प्रदान किए जाने की घोषणा की।
4. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के लिए बनाए गए अपतटीय गश्ती जहाज 'सजग' को आनलाइन तरीके से सेवा में शामिल किया।
5. उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए बाल-सेवा योजना शुरू की।
6. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों की बेहतर शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए देखभाल करने वाले या अभिभावकों को हर महीने 3,500 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।
7. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि उसने देशभर में 166 नये हरित क्षेत्रों में जमीन से 400 फुट की ऊंचाई पर ड्रोन संचालन की अनुमति दी है।
8. शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग ने युवा और नवोदित लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिए युवा - प्रधानमंत्री योजना की शुरुआत की।
9. कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता एवं गुजरात के पूर्व वित्त और शिक्षा मंत्री अरविंद सांघवी का निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।
10. वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, स्तंभकार और राजनीतिक विश्लेषक बसंत दास का निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे।
11. विख्यात शिक्षक एवं पद्मश्री से सम्मानित एम आनंदकृष्णन का निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।

## 04-06-2021

1. क्रिकेट आस्ट्रेलिया नि क हॉकले को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया।
2. सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड ने मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी से 1,307.88 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।
3. पत्रकारों को प्रोत्साहित करने और उनके अथक एवं असमानांतर योगदान को सम्मानित करने के प्रयास के तहत उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 संक्रमण से जान गंवाने वाले खबरनवीसों के परिवारों के लिए 10 लाख रूपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की।
4. केंद्र सरकार ने आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना का दायरे बढ़ाते हुए नागरिक उड्डयन क्षेत्र को भी इसमें शामिल कर दिया, इस निर्णय से कोविड-19 के कारण बुरी तरह प्रभावित नागरिक उड्डयन क्षेत्र को नकदी की कमी के संकट से राहत मिलेगी।
5. गत चैम्पियन पूजा रानी (75 किग्रा) ने शानदार जीत से लगातार दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम (51 किग्रा) और टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही लालबुतसाही (64 किग्रा) को एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में हारने के बाद में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
6. भारतीय ग्रैंडमास्टर पी इनियान ने एआईसीएफ विश्व कप क्वालीफायर ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट जीतकर जुलाई में होने वाले फिडे विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया।
7. डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी पेटीएम के बोर्ड ने इस साल अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 22,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है।
8. दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कॉलेज के प्रोफेसर और पूर्व छात्र नीरज सहाय का कोविड-19 से निधन हो गया। वह 52 वर्ष के थे।
9. दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ए के रक्षित का कोविड-19 संबंधी जटिलताओं के चलते निधन हो गया।
10. पंजाब कांग्रेस की वयोवृद्ध नेता और होशियारपुर के टांडा से दो बार विधायक रहीं सुरजीत कौर कालकट का मोहाली में निधन हो गया। वह 91 साल की थीं।

## 05-06-2021

1. लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप चंद्रन नायर ने देश से सबसे पुराने अर्द्धसैन्य बल असम राइफल्स के महानिदेशक के तौर पर कार्यभार संभाला।
2. वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी को संसद के ऊपरी सदन के लिए मनोनीत किया गया।
3. व्हट्सएप ने अपनी वेबसाइट पर भारत में पारेश बी लाल को शिकायत अधिकारी नामित किया है।
4. सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी आरआईएनएल ने कहा कि किशोर चंद्र दास को एक जून 2021 से कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।
5. कृषि रसायन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी यूपीएल लिमिटेड ने कहा कि उसने आशीष डोभाल को भारत में क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त किया है।
6. इस वर्ष का विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक का विशेष पुरस्कार स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को दिया गया है।
7. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सबसे पहले भारत में पाए गए कोरोना वायरस के स्वरूपों बी.1.617.1 और बी.1.617.2 को क्रमश: 'कप्पा' और 'डेल्टा' नाम दिया है, उसने कोरोना वायरस के विभिन्न स्वरूपों के नामकरण के लिए यूनानी अक्षरों का सहारा लिया है।
8. सरकारी गैर बैंकिंग वित्त निगम (एनबीएफसी) आरईसी लिमिटेड कोविड महामारी के बीच उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 1,000 लीटर प्रति मिनट (एलपीएम) की क्षमता वाला एक ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित करेगी।
9. पूंजी बाजार नियामक सेबी ने ग्लोबल डिपाजिटरी रिसीट (जीडीआर) जारी करने में हेरोफेरी के मामले में विनसम यार्न्स लिमिटेड और उसके प्रबंध निदेशक पर कुल मिलाकर 12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।
10. कोलंबिया और अर्जेंटीना से टूर्नामेंट की मेजबानी छिनने के बाद ब्राजील को कोपा अमेरिका का नया मेजबान बनाया गया है।
11. भारत के हेवीवेट मुक्केबाज संजीत ने दुबई में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया।

## 06-06-2021

1. रिटेल मॉल विकसित करने वाली कंपनी फीनिक्स मिल्स लिमिटेड और सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी साथ मिलकर 73.3 करोड़ अमरीकी डॉलर (लगभग 5,362 करोड़ रुपये) का एक निवेश मंच स्थापित करेंगे।
2. अमेरिका स्थित एक संगठन "अवर बिस्वास" ने कोविड-19 से निपटने के लिए राज्य की मदद के वास्ते ओडिशा मुख्यमंत्री राहत कोष में करीब 50 लाख रुपये दान दिए हैं।
3. इंग्लैंड क्लब एवर्टन ने पुष्टि की कि कार्लो एंचेलोटी ने रियल मैड्रिड में मुख्य कोच की भूमिका निभाने के लिए प्रबंधक के रूप में अपना पद छोड़ दिया है।
4. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने नकदी रहित, पेपरलेस और जनकेंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए 'पुनर्निर्मित' स्वास्थ्य योजनाओं की शुरुआत की।
5. चीन ने ब्रह्मपुत्र और सतलुज नदियों से जुड़े जल विज्ञान संबंधी वार्षिक आंकड़ों को भारत के साथ साझा करना शुरू कर दिया है।
6. रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड ने कोविड-19 सेवा में लगे एंबुलेंस के लिए मुफ्त ईंधन की आपूर्ति के लिये मुंबई में एक मोबाइल फ्यूल ब्राउजर तैनात किया है।
7. संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कौटिल्य स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के डीन का कार्यभार संभाल लिया।
8. जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. (जी लि) ने नितिन मित्तल को अध्यक्ष - प्रौद्योगिकी और डाटा नियुक्त किया है।
9. लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने महत्वपूर्ण पूर्वी सेना कमान के नये कमांडर के रूप में कार्यभार संभाला।
10. सरकार ने पूर्व पत्रकार स्वप्न दासगुप्ता को राज्यसभा में मनोनीत किया है, दासगुप्ता ने कुछ समय पूर्व उच्च सदन के मनोनीत सदस्य के रूप में इस्तीफा देकर भाजपा के टिकट पर पश्चिम बंगाल का चुनाव लड़ा था जिसमें वह हार गये थे।

## 07-06-2021

1. चीन ने नयी पीढ़ी के मौसम संबंधी उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया, इस उपग्रह का इस्तेमाल मौसम विश्लेषण, पर्यावरण और आपदा निगरानी के क्षेत्र में किया जाएगा।
2. इजरायल के पूर्व लेबर चेयरमैन और विपक्ष के नेता आइजैक हजरेग को संसद ने अगले इजरायली राष्ट्रपति के रूप में चुना, जो काफी हद तक औपचारिक पद है।
3. स्पेशलिटी-केमिकल्स निर्माता रोस्सारी बायोटेक ने सर्फेक्टेंट, इमल्सिफायर और स्पेशलिटी केमिकल्स की आपूर्तिकर्ता कंपनी यूनिटॉप केमिकल्स का 421 करोड़ रुपए में अधिग्रहण करने की घोषणा की।
4. बच्चों पर भारत बायोटैक की कोवैक्सीन का क्लीनिकल परीक्षण पटना के एम्स में शुरू हो गया है।
5. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में छात्राओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है।
6. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा हल्द्वानी में स्थापित 500 बेड के कोविड केयर अस्पताल का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने किया।
7. केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सेल के ओडिशा स्थित राउरकेला इस्पात संयंत्र में एक 100 बेड वाले कोविड देखभाल सुविधा, इस्पात निदान केंद्र, को राष्ट्र को समर्पित किया।
8. केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मांडविया ने वर्चुअली गांधीधाम (कच्छ) के गोपालपुरी स्थित दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट अस्पताल में मेडिकल ऑक्सीजन कॉपर पाइपिंग नेटवर्क के साथ मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन इकाई और अन्य संबंधित सुविधाओं जैसे कि अग्निशमन प्रणाली व ऑक्सीजन सिलेंडर बैंक के माध्यम से स्वचालित ऑक्सीजन सोर्स चेंजओवर प्रणाली का उद्घाटन किया।
9. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की उदार उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) नीति के तहत भारत को 8 नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमियां मिलने वाली हैं।
10. रबर कौशल विकास परिषद (आरएसडीसी) को अब केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरसीपीएसडीसी) के नाम से जाना जाएगा।
11. केंद्र सरकार के क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत मलिहाबाद, उन्नाव और रायबरेली समेत लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में आम की पट्टी को आम के क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा।

## 08-06-2021

1. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने विकास अनुमान को 10.5 प्रतिशत से घटाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया है।
2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-आईआईटी हैदराबाद ने कोविड के बाद होने वाले फंगल संक्रमण के उपचार के लिए नैनो फाइबर आधारित टेबलेट एम्फोटेरिसिन विकसित की है।
3. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन- सेज परियोजना का उद्घाटन किया, इसका उद्देश्य भरोसेमंद स्टार्टअप द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए बनाये गए उत्पादों और सेवाओं का चयन करने और उन्हें एक ही स्थान से हासिल करने की सुविधा प्रदान करना है।
4. नासा शुक्र ग्रह के वातावरण और भूगर्भीय विशेषताओं की जांच करने के लिए शुक्र पर दो नए मिशन भेजने की घोषणा की है।
5. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वर्चुअल रूप में रायपुर, छत्तीसगढ़ में इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया
6. रक्षा मंत्रालय ने मेसर्स महिंद्रा टेलीफोनिक्स इंटीग्रेटेड सिस्टम्स लिमिटेड, मुंबई से भारतीय नौसेना एवं भारतीय तटरक्षक के लिए हवाई अड्डों की निगरानी हेतु 11 मोनोपल्स सेकेंडरी सर्विलांस रडार की खरीद के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
7. केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) की लघु फिल्म "हिसाब की किताब" के छह मॉड्यूल लांच किए।
8. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात में वल्लभ यूथ ऑर्गनाइज़ेशन (VYO) द्वारा स्थापित नौ ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल लोकार्पण किया।
9. पूर्व प्रधानमंत्री और मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति, सर अनिरुद्ध जगन्नाथ का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।
10. हॉकी इंडिया के तकनीकी अधिकारी रब्बी रोशन का बिहार में कोरोना के कारण लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 44 वर्ष के थे।

## 09-06-2021

1. हिमाचल प्रदेश से भाजपा के वरिष्ठ विधायक और दो बार के पूर्व मंत्री रहे नरेंद्र बरागटा का चंडीगढ़ में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे।
2. बर्ड ग्रुप के कार्यकारी निदेशक अंकुर भाटिया का 48 साल की उम्र में निधन हो गया है।
3. ब्रिटेन के औषधि नियामक ने 12 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए फाइजर और बायोएनटेक से विकसित कोविड-19 वैक्सीन की मंजूरी दे दी है।
4. अमेरिका ने रक्षा और निगरानी तकनीक से जुड़ी कई और चीनी कंपनियों में अमरीकी कंपनियों के निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कल इस आशय के आदेश पर हस्ताक्षर किए।
5. लद्दाख के उपराज्यपाल आर. के. माथुर ने केंद्रशासित प्रदेश में विद्यार्थियों के लिये यूनटैब स्कीम शुरू की है।
6. रीयर एडमिरल कपिल मोहन धीर ने सैन्य मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव (नौसेना एवं रक्षा स्टाफ) का पदभार संभाल लिया है।
7. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, थावरचंद गहलोत ने बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए एसएजीई (सीनियर केयर एजिंग ग्रोथ इंजन) कार्यक्रम और एसएजीई पोर्टल को वर्चुअल तरीके से लांच किया।
8. रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण तथा संचालन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपये की राशि के विभिन्न उपकरणों के पूंजी अधिग्रहण से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी है।
9. भारतीय रेल (आईआर) दुनिया में सबसे बड़ी हरित रेलवे बनने के लिए मिशन के रूप में काम कर रही है और वर्ष 2030 से पहले "शून्य कार्बन उत्सर्जक" बनने की दिशा में बढ़ रही है।
10. भारतीय नौसेना के सबसे पुराने हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक को 40 गौरवशाली वर्षों तक राष्ट्र की सेवा करने के बाद विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में कार्यमुक्त कर दिया गया।

## 10-06-2021

1. मिनर्वा अकादमी एफसी को 2021 फुटबाल फॉर फ्रेंडशिप अवार्ड के लिए चुना गया है।
2. श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने पूर्व खिलाड़ी हसन तिलकरत्ने को अपनी महिला क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।
3. भारत के वीरेन्द्र नानावती को कतर के दोहा में विश्व तैराकी महासंघ (फिना) की आम बैठक (जनरल कांग्रेस) में ब्यूरो के सदस्य के रूप में चुना गया।
4. वयोवृद्ध उड़िया अभिनेता, प्रसिद्ध नाटककार और गीतकार अटल बिहारी पांडा का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।
5. बीजू पटनायक के करीबी सहयोगी रहे एवं पार्टी के पूर्व विधायक बिक्रम केशरी बर्मा का निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे।
6. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने घोषणा की कि भूटान की सीमा से लगे बोडोलैंड प्रांतीय क्षेत्र (बीटीआर) के तहत कोकराझार में रायमोना आरक्षित वन को राज्य के छठे राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अद्यतन किया गया है।
7. केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 108 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में भारतीय पर्यटन एंव यात्रा प्रबंधन संस्थान (IITTM) की नई वेबसाइट लॉन्च की।
8. यह तय किया गया है कि 5 उत्तर-पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में जल जीवन मिशन का कार्यान्वयन शीघ्रता से किया जाएगा और यहां के सभी ग्रामीण घरों को 2024 की बजाय 2022 तक नल के पानी का कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा।
9. राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई) ने भारत में औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की खेती और उत्पादन को बढ़ावा देने को लेकर संयुक्त सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
10. भारत की प्रमुख जल विद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड ने कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ 25 इलेक्ट्रिक वाहनों को लीज पर देने और स्थापना और कमीशनिंग सहित 3 इलेक्ट्रिक वाहन फास्ट चार्जरों की एनएचपीसी को आपूर्ति के लिए ई-मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 11-06-2021

1. नीदरलैंड्स की सिफान हासन ने अपनी शानदार रफ्तार के दम पर एफबीके गेम्स (वर्ल्ड एथलेटिक्स कांटीनेंटल टूर गोल्ड मीट) में 10 हजार मीटर रेस में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है, सिफान का नया समय 29 मिनट 06.82 सेकेंड है।
2. युका सासो प्लेआफ में नासा हाताओका को हराकर अमेरिकी महिला गोल्फ ओपन का खिताब जीतने वाली दूसरी किशोरी बन गयी।
3. विदेशी ऋणदाता एचएसबीसी ने बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज हितेंद्र दवे को भारत में अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।
4. फिनोटेक्स केमिकल ने अरिंदम चौधरी को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।
5. आयकर विभाग ने अपना नया ई-फाइलिंग पोर्टल www.incometax.gov.in लॉन्च किया।
6. सीएसआईआर ने लक्साई लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से कोविड-19 के उपचार के लिए एंटी-हेलमिनिटिक दवा निकलोसामाइड के साथ चरण-II क्लिनिकल ट्रायल शुरू की है।
7. शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए वर्ष 2019-20 का प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक (पीजीआई) जारी करने की मंजूरी दे दी है।
8. स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और पर्यटन संचालन प्राधिकरण (एसओयूएडीटीजीए) ने कहा कि वह गुजरात के केवड़िया में 'देश का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल-ओनली एरिया' विकसित करेगा।
9. बिहार सरकार ने राज्य में कोविड से मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के निकट संबंधी को चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान की है।
10. केन्द्र सरकार एक ओर जहां सरकार किसानों की आय बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, वहीं भारत के खनिज समृद्ध पूर्वी राज्य झारखंड का एक किसान देश में 'फ्लोटिंग रेसवे टेक्नोलॉजी' को अपनाने वाला देश का पहला किसान बनने के लिए तैयार है, यह खुले तालाबों में मछली पकड़ने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की तकनीक है।

# 12-06-2021

1. दक्षिण कोरिया को विश्व कप 2002 के सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले यू सांग चुल का निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे।
2. द्रविड़ महिलाओं के यथार्थवादी चित्र बनाने के लिए मशहूर हुए कलाकार एस. एलायाराजा का चेन्नई में कोविड-19 संबंधी परेशानियों के कारण निधन हो गया। वह 43 वर्ष के थे।
3. मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया और उन्हें 143 मत मिले जबकि 191 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया।
4. भारतीय नौसेना ने स्वदेश में निर्मित तीन उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर 'एएलएच एमके थ्री' को अपने बेड़े में शामिल किया जिनका इस्तेमाल समुद्री क्षेत्र पर निगरानी रखने और तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा।
5. मैसूर विश्वविद्यालय (यूओएम) ने हैदराबाद स्थित लोरवेन बायोलॉजिक्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संयुक्त रूप से एक सेल्फ कोविड डिटेक्शन किट विकसित की है।
6. वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, एवीएसएम, वीएसएम ने नौसेना ऑपरेशन्स के महानिदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है।
7. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोविड-19 पर बने उच्च स्तरीय मंत्रियों के समूह (जीओएम) की 28वीं बैठक की अध्क्षता की।
8. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 2020 में 20 सुधार नामक ई-पुस्तिका का विमोचन किया, जिसमें 2020 में रक्षा मंत्रालय (रक्षा मंत्रालय) द्वारा नई दिल्ली में किए गए प्रमुख सुधारों को रेखांकित किया गया।
9. विद्युत मंत्रालय के तहत भारत की प्रमुख पनबिजली कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड ने 850 मेगावाट की रतले पनबिजली परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी, "रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड" का गठन किया है।
10. असम सरकार ने पूर्व उग्रवादी संगठन नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के 4,036 कैडरों के पुनर्वास के लिए 160 करोड़ रुपये के पैकेज को अंतिम रूप दिया, जिसके साथ उसने पिछले साल 27 जनवरी को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## 13-06-2021

1. हरियाणा की पूर्व मंत्री एवं वयोवृद्ध भाजपा नेता कमला वर्मा का निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थीं।
2. उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडेय को भारत का चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है।
3. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने देश में गेल समूह के 201 सीएनजी स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया।
4. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने झांसी में पीएनजी आपूर्ति व्यवस्था का उद्घाटन किया तथा रायगड़ मे वाहनों में ईंधन भरने के लिए मोबाइल ईंधन भराई इकाइयों (एमआरयू) का भी उद्घाटन किया।
5. विद्युत मंत्रालय के तहत एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) ने लद्दाख केन्द्र - शासित प्रदेश को एक स्वच्छ और हरा – भरा केन्द्र - शासित प्रदेश बनाने के लिए इस केन्द्र - शासित प्रदेश (यूटी) के प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।
6. नीति आयोग और पिरामल फाउंडेशन ने 112 आकांक्षी जिलों में सुरक्षित हम सुरक्षित तुम अभियान की शुरुआत की, जिससे जिला प्रशासन को कोविड-19 के ऐसे मरीजों को होम-केयर सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग मिल सके, जो बिना लक्षण वाले या हल्के लक्षण वाले हैं।
7. पिछले महीने माली में सैन्य तख्तापलट का नेतृत्व करने वाले कर्नल असिमी गोइता को आधिकारिक तौर पर पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र के राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई है।
8. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आगामी टोक्यो ओलंपिक में ओलंपिक झंडे तले प्रतिस्पर्धा करने के लिए 29 रिफ्यूजी एथलीटों के नामों को अपनी मंजूरी दे दी।
9. लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) टी20 टूर्नामेंट के दूसरे सीजन का आयोजन 30 जुलाई से 22 अगस्त तक किया जाएगा।
10. पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली, श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रम और बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम को मई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामित किया गया।

## 14-06-2021

1. क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 के शीर्ष -200 स्थानों में तीन भारतीय विश्वविद्यालयों ने अपनी जगह बनायी है। आईआईएससी बंगलुरू अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व में प्रथम स्थान पर है।
2. 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय रेल (आईआर) को स्टेशन परिसर एवं रेलगाड़ियों में सार्वजनिक बचाव व सुरक्षा सेवाओं के लिए 700 मेगाहट्‌र्ज फ्रीक्वेंसी बैंड में 5 मेगाहट्‌र्ज स्पेक्ट्रम के आवंटन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की हुई बैठक में 2021-22 के विपणन मौसम के लिए सभी निर्धारित खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी गई।
4. किसानों को स्थान विशिष्ट 'मांग आधारित टेली कृषि सलाह' देने के लिए, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
5. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसरो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र की विकास परियोजनाओं में सहायता प्रदान करेगा।
6. जम्मू-कश्मीर सरकार ने नागरिक सचिवालय में नीति वकालत अनुसंधान केंद्र (पीएआरसी) के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
7. ओडिशा में कोरोना वायरस महामारी की संभावित तीसरी लहर की तैयारी करने के बीच, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने डिजिटल माध्यम से सात तरल चिकित्सीय ऑक्सीजन (एलएमओ) संयंत्रों और इतने ही प्रेशर स्विंग एडसोरप्शन (पीएसए) प्रणालियों की आधारशिला रखी।
8. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के खोनमोह में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्थापित 500 बिस्तरों वाले कोविड अस्पताल का उद्घाटन किया।
9. नासा के जूनो अंतरिक्ष यान ने दो दशकों से अधिक समय में बृहस्पति के सबसे बड़े चंद्रमा के सबसे करीब उड़ान भरने के बाद बर्फीले कक्षा की झलक पेश करते हुए दो चित्र भेजे हैं।
10. रिजर्व बैंक ने कहा कि सरकार ने उसके डिप्टी गवर्नर महेश कुमार जैन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है।

## 15-06-2021

1. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी पहली व्यक्तिगत बैठक के दौरान वैश्विक चुनौतियों पर एक साथ काम करने के उद्देश्य से एक नए अटलांटिक चार्टर पर हस्ताक्षर किए हैं।
2. लेफ्टिनेंट जनरल एसएम शफीउद्दीन अहमद को बांग्लादेश की सेना का अगला प्रमुख नामित किया गया।
3. आईटी कंपनी विप्रो ने कहा कि उसने अनूप पुरोहित को अपना मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) नियुक्त किया है।
4. सीओएआई ने कहा कि भारती एयरटेल के मुख्य परिचालन अधिकारी अजय पुरी को वर्ष 2021-22 के लिए उद्योग संघ का फिर से चेयरमैन चुन लिया गया है।
5. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 और 13 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।
6. कोविड महामारी से आपूर्ति श्रृंखला पर दुष्प्रभाव के बावजूद 2020-21 में देश के आर्गेनिक कृषि उत्पादों के निर्यात में वर्ष-दर वर्ष आधार पर 51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।
7. सरकार ने यह निर्णय लिया है कि एल पी जी ग्राहक अब अपनी पसंद के अनुसार अपने वितरक का चयन कर सकते हैं
8. पाकिस्तान की नेशनल असेम्बली ने भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को दोषी ठहराये जाने के खिलाफ उच्च न्यायालयों में अपील करने की अनुमति देने वाला विधेयक पारित कर दिया है।
9. चीन की विधायिका ने विदेशी प्रतिबंधों के खिलाफ एक नए कानून को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य इस तरह की कार्रवाइयों के खिलाफ देश के प्रतिवाद के लिए कानूनी आधार प्रदान करना है।
10. भारत के नीरज चोपड़ा ने लिस्बन के सिडडे डी लिस्बोआ में भाला फेंक प्रतियोगिता में अपनी छठी और अंतिम कोशिश में 83.18 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता है।

## 16-06-2021

1. पेंटागन ने यूक्रेन को उसकी रक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए 150 मिलियन डॉलर के सुरक्षा सहायता पैकेज की घोषणा की है।
2. प्रसिद्ध कन्नड़ कवि, नाटककार और दलित कार्यकर्ता प्रोफेसर सिद्धलिंगैया का बेंगलुरु में कोरोनावायरस से संबंधित जटिलताओं के कारण निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।
3. प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. अशोक पनगड़िया का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
4. राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के सीमा सड़क भवन में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों को देश को समर्पित किया।
5. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दिल्ली के चांदनी चौक में पुनर्निर्मित हरदयाल म्यूनिसिपल हेरिटेज पब्लिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।
6. प्रसार भारती ऑडियंस रिसर्च ने 'न्यूज ऑन एयर रेडियो लाइव स्ट्रीम' रैंकिंग जारी की।
7. भारत-रूस संयुक्त प्रौद्योगिकी मूल्यांकन एवं त्वरित व्यावसायीकरण कार्यक्रम के तहत संयुक्त अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण परियोजनाओं को शुरू करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित तीन भारतीय छोटे से लेकर मध्यम उद्यमों / स्टार्ट-अप का चयन किया गया है।
8. सीएसआईआर-सीडीआरआई, लखनऊ उत्तर प्रदेश में फार्मा क्लस्टर की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने यूपी स्थित मार्क लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है।
9. सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के शीर्ष इस्लामी विद्वानों ने सऊदी के शहर मक्का में अफगानिस्तान में शांति की घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं।
10. भारती एयरटेल ने कहा कि क्रिसिल ने कंपनी को क्रिसिल जीवीसी लेवल-1 ग्रेडिंग सौंपी है, जो कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रैक्टीस के मामले में उच्चतम स्तर है।
11. ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) को एक बार फिर क्यू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 द्वारा भारत के नंबर वन निजी विश्वविद्यालय के रूप में चुना गया है।

## 17-06-2021

1. निकोलस माहूट और पियरे ह्यूज हरबर्ट की फ्रांसीसी जोड़ी ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल का खिताब जीता।
2. फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेचीकोवा ने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है।
3. पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं की 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल भार वर्ग में उक्रेन की क्रिस्टिना बेरेजा को हराकर पोलैंड में वरसाई रैंकिंग श्रृंखला प्रतियोगिता का स्वर्ण जीत लिया है।
4. गुजरात से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता अमृत कड़ीवाला का निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।
5. रामकृष्ण मठ और मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी शिवमयानंदजी का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।
6. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय द्वारा युद्ध/ ऑपेरशन संबंधी इतिहास के संग्रहण, वर्गीकरण और संकलन/ प्रकाशन संबंधी नीति को मंजूरी दे दी है।
7. केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के सागर जिले में बीना में अस्थायी कोविड अस्पताल का शुभारम्भ किया।
8. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) एवं लैक्साई लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद, को भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) द्वारा कोविड-19 रोगियों के उपचार के दौरान नैदानिक परिणामों में सुधार के लिए कोल्किसिन दवाकी सुरक्षा और प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए टू-आर्म फेज-2 क्लीनिकल ट्रायल करने के लिए विनियामकीय मंजूरी मिल गयी है।
9. प्रत्येक ग्रामीण परिवार के घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने के लिए केंद्र सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश को मौजूदा वित्त वर्ष 2021-22 में 10,870.50 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।
10. आंध्र प्रदेश सरकार ने एक विशेष प्रयोजन वाहन एनकेआईसीडीएल (एनआईसीडीआईटी कृष्णापट्टनम इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड) बनाने के लिए 1,448 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिसमें केंद्र सरकार की इक्विटी के साथ-साथ विकास को स्थापित करने, बढ़ावा देने और चेन्नई बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (सीबीआईसी) का कृष्णापटनम इंडस्ट्रियल नोड को सुविधा प्रदान करने के लिए है।

## 18-06-2021

1. दक्षिणपंथी यामिना (यूनाइटेड राइट) पार्टी के नेता नफ्ताली बेनेट ने इजरायल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, इसी के साथ बेंजामिन नेतन्याहू का बीते 12 साल से चला आ रहा शासन समाप्त हो गया।
2. टेनिस में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन पुरुष सिंगल्स का खिताब जीता।
3. नंबर 2 वरीयता प्राप्त चेक जोड़ी बारबोरा क्रेजसिकोवा और कतेरीना सिनियाकोवा ने फाइनल में अमेरिका की 14वें नंबर की बेथानी माटेक-सैंड्स और पोलैंड की इगा स्विएटेक को 6-4, 6-2 से हराकर अपना दूसरा फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता।
4. ऑस्ट्रेलिया की युवा तैराक काइली मैकओन ने महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है, स्विमिंग ऑस्ट्रेलिया ने इसकी जानकारी दी।
5. आईसीसी ने भारत के वीनू मांकड़ सहित खेल के बड़े खिलाड़ियों को अपने 'हॉल ऑफ फेम' सूची में शामिल किया, जिसमें क्रिकेट के शुरुआती समय से पांच युगों के दो-दो खिलाड़ियों को जगह दी गई है।
6. युवा कार्य और खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने खिलाड़ियों के लिए खेल चिकित्सा और स्वास्थ्य लाभ सहायता सरल बनाने के लिए केंद्रीय एथलीट चोट प्रबंधन प्रणाली-सीएआईएमएस की शुरूआत की है।
7. भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की पूर्व कप्तान और दिग्गज ओलंपियन मिल्खा सिंह की पत्नी निर्मल कौर का निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थीं।
8. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले पांच वर्षों के लिए रक्षा उत्कृष्टता में नवाचार (आई-डीईएक्स)- रक्षा नवाचार संगठन (डीआईओ) के लिए नवाचार हेतु 498.8 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता को मंजूरी दे दी है।
9. न्यायमूर्ति संजय यादव ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
10. कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश का नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं ।

## 19-06-2021

1. दिल्ली का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने 6 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों पर कोवैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के बारे में उच्च स्तरीय संवाद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।
3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने कहा कि पुणे के एक स्टार्ट-अप फर्म थिंकर टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने थ्रीडी प्रिंटिंग और दवाओं के सम्मिश्रण से एक ऐसा मास्क तैयार किया है जो अपने संपर्क में आने वाले विषाणुओं को निष्क्रिय कर देता है।
4. केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने वर्चुअल माध्यम से हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा ज़िले के प्रागपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन किया।
5. भागलपुर, बिहार से जिओग्राफिककल इंडिकेशन (जीआई) प्रमाणित जरदालू आमों की पहली वाणिज्यिक खेप को यूनाइटेड किंगडम के लिए निर्यात किया गया।
6. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ ने एक उपकरण 'जीवन वायु' विकसित किया है जिसे सीपीएपी मशीन के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
7. प्रत्येक ग्रामीण परिवार के घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए केंद्र सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को वर्ष 2021-22 में 3,182.88 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।
8. रिजर्व बैंक ने कहा कि इस साल 31 अगस्त तक भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) का दायरा बढ़ाते हुए उसमें बिलर श्रेणी के तौर पर 'मोबाइल प्रीपेड रीचार्ज' की सुविधा जोड़ दी जाएगी।
9. जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत में खेल प्रबंधन के क्षेत्र में स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र कोर्स और एग्जीक्यूटिव शिक्षा कार्यक्रमों के लिए खेल मास्टर्स शिक्षा संस्थान एआईएसटीएस के साथ हाथ मिलाए हैं।
10. इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को 100 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर दान किए हैं, बीईएल इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज की पुरानी व्यावसायिक साझेदार है।

**20-06-2021**

1. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कनेक्टिकट के संघीय न्यायाधीश पद के लिए भारतीय-अमेरिकी नागरिक अधिकार अधिवक्ता सरला विद्या नगाला को नामित किया है।
2. एंकर निवेशक बे ट्री इंडिया होल्डिंग्स आई एलएलसी ने खुले बाजार के लेनदेन के जरिए निजी क्षेत्र के यस बैंक में दो प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बेची है।
3. दवा कंपनी जुबिलेंट फार्मोवा ने कहा कि उसकी अनुषंगी इकाई ने अमेरिका तथा कनाडा के बाजारों के लिये कोविड-19 टीका कोवैक्सीन बनाने को लेकर अमेरिकी फर्म ओक्यूजेन इंक के साथ समझौता किया है।
4. पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने पेंशन कोष की राशि पांच लाख रुपये से कम होने की स्थिति में अंशधारकों को बिना कोई पेंशन प्लान खरीदे समूची राशि निकालने की अनुमति दे दी है।
5. ट्विटर ने भारत के लिए अंतरिम मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त कर लिया है और जल्द ही अधिकारी का ब्यौरा सीधे सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ साझा किया जाएगा।
6. सरकार ने उन विश्वस्त उत्पादों को मंजूरी देने के लिए एक वेबसाइट शुरू की जिन्हें दूरसंचार ऑपरेटर दूरसंचार क्षेत्र से जुडे राष्ट्रीय सुरक्षा निर्देश के तहत अपने नेटवर्क में लगा सकते हैं।
7. उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक कार्य समूह की तकनीकी मसौदा रिपोर्ट को जारी किया है जिसमें थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को 2011- 12 से बदलकर 2017- 18 करने का सुझाव दिया गया है, इसके साथ ही रिपोर्ट में औषधीय पौधों, पेन ड्राइव, व्यापारशाला के उपकरण और मोटरसाइकिल के कुछ इंजनों सहित 480 नई वस्तुओं को उसमें शामिल करने का प्रस्ताव भी किया गया है।
8. गुजरात में विवाह के जरिये धर्मांतरण कराने के खिलाफ कड़ी सजा के प्रावधान वाला कानून लागू हो गया।
9. भारतीय सेना ने पश्चिमी 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' पर न्यू रेवाड़ी से न्यू फुलेरा तक वाहनों और उपकरण से भरी सैन्य ट्रेनों को चलाकर सफल परीक्षण किया, इसने सशस्त्र बलों को जुटाने की क्षमता बढ़ाने में अपनी प्रभावकारिता साबित की।
10. सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी टी सी गुप्ता ने 'हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग' के मुख्य आयुक्त के तौर पर पद की शपथ ली।

## 21-06-2021

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आयुध निर्माणी बोर्ड और इससे संबद्ध 41 फैक्ट्रियों को सार्वजनिक क्षेत्र रक्षा उपक्रम की तर्ज पर सात कॉरपोरेट कंपनियों में पुनर्गठित करने की भी मंजूरी दे दी है।
2. सरकार ने ट्रकों पर सड़क पर यातायात नियमों के प्रवपर्तन के लिए एक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उपयोगी समाधान जारी किया है।
3. बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्ध कंपनियों के प्रवर्तकों और निदेशकों की सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों के सौदों को प्रणाली आधारित सूचना नियम के दायरे में लाने का निर्णय किया।
4. वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अटल दुल्लू को पुनः जम्मू कश्मीर का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है, जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा इस बाबत एक आदेश जारी किया गया।
5. एच-एनर्जी ने बांग्लादेश को एलएनजी की आपूर्ति के लिये पट्रोबांग्ला के साथ प्रारंभिक समझौता किया है।
6. 32 वर्षीय पाकिस्तानी-अमेरिकी कानूनी विशेषज्ञ और बड़ी तकनीकी आलोचक लीना खान ने अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली है।
7. केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 2022 की शुरुआत से एक सामुदायिक रेडियो शरू करने की तैयारी है।
8. गुवाहाटी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के अनुसंधानकर्ताओं ने घरों में छोटी चीजों को रोगाणुमुक्त बनाने के लिए ऊष्मा और पराबैंगनी विकिरण आधारित एक किफायती उपकरण विकसित किया है।
9. भारत के पूर्व फार्मूला वन ड्राइवर करूण चंडोक को मोटरस्पोर्ट यूके के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया जो ब्रिटेन में चौपहिया रेसिंग की संचालन संस्था है।
10. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने ऐसे उपभोक्ताओं के लिए बुधवार को एक 'टीवी चैनल सेलेक्टर' वेबसाइट की शुरुआत की जो स्मार्टफोन न होने के चलते उसके ऐप का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे थे।

## 22-06-2021

1. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड -19 फ्रंटलाइन वर्करों के लिए अनुकूलित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
2. भारत ने इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी) के सालाना वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में 43वें स्थान को बरकरार रखा है, इस बार के सूचकांक में कोविड-19 महामारी का दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़े प्रभाव का आकलन किया गया है।
3. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तरी और पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित 12 सड़कों को राष्ट्र को समर्पित किया।
4. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 से संबंधित दस्तावेजों की वैधता को 30 सितंबर, 2021 तक बढ़ा दिया है।
5. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर धोखाधड़ी के कारण वित्तीय नुकसान को रोकने के लिए शिकायत करने के एक मंच और राष्ट्रीय हेल्पलाइन 155260 की शुरुआत की है।
6. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने 14 क्रॉस डिसएबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन केन्द्रों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।
7. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना 2025 तक तपेदिक मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करना है।
8. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में सीजेरियन सेक्शन बढ़ रहा है और 2030 तक सभी जन्मों में इसका 29 फीसदी का योगदान होगा।
9. माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सीईओ सत्य नडेला को कंपनी का नया चैयरमैन नियुक्त किया है, इस अतिरिक्त भूमिका में बोर्ड का एजेंडा तय करने में अगुवाई करेंगे।
10. जांबिया के पहले राष्ट्रपति केनेथ कौंडा का 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

## 23-06-2021

1. कोविड-19 के साथ एक महीने की लंबी लड़ाई के बाद, महान भारतीय धावक मिल्खा सिंह का निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे।
2. वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड वनप्लस ने घोषणा की कि उसने भारत के स्टार क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह को अपनी वियरेबल्स (घड़ी जैसे पहनने वाले उत्पाद) कैटेगरी का ब्रांड एंबेसडर बनाया है।
3. जापान की नाओमी ओसाका इस वर्ष विंबलडन में नहीं खेलेंगी लेकिन तोक्यो ओलंपिक में भाग लेने की उनकी योजना है।
4. केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में युवा मामले और खेल विभाग के प्रधान सचिव आलोक कुमार ने श्रीनगर में यूथ हॉस्टल में दस मीटर शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया।
5. मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र ने चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के साथ मिलकर 'आम चुनाव 2019 - एक एटलस' जारी किया।
6. भारत प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इंडिया एडवांटेज फंड एस4 1 और डायनैमिक इंडिया फंड एस4 यूएस 1 द्वारा स्पेशल पर्पस वेहीकल के माध्यम से एवं एनएचपीईए त्रिसुल होल्डिंग बी. वी (एनटीएच) के द्वारा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस में अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है।
7. भारत के शीर्ष वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसन्धान केंद्र (सेंटर फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च - सीएसआईआर) और टाटा समूह के नए स्वास्थ्य देखरेख उद्यम (हेल्थकेयर वेंचर) टाटा एमडी ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों (टियर II और III शहरों ) के साथ ही भारत भर में ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोविड-19 की परीक्षण क्षमता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है।
8. एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने सीमित पायलट सॉफ्ट लॉन्च के हिस्से के रूप में स्पुतनिक वी वैक्सीन को प्रशासित करने के लिए डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ साझेदारी की है।
9. टाटा मोटर्स और टाटा पावर ने संयुक्त रूप से पुणे के चिखली में टाटा मोटर्स कार प्लांट में भारत का सबसे बड़ा ग्रिड-सिंक्रोनाइज्ड, मीटर के पीछे सोलर कारपोर्ट स्थापित किया है।
10. दुनिया भर में पोडकास्ट की धूम मचने के साथ ही स्वीडिश म्यूजिक स्ट्रीमिंग कंपनी स्पॉटिफाई ने एक अज्ञात राशि में पॉड्ज नाम के एक स्टार्टअप का अधिग्रहण किया है।

11. इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी ने एक 'ग्रीन पास' बनाने के लिए एक हुक्मनामे पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एक डिजिटल सबूत है कि इसे धारण करने वाला कोरोनावायरस से संक्रमित नहीं है।

## 24-06-2021

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सातवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम को संबोधित किया।
2. भारतीय डाक डाक टिकट संग्रहों से जुड़े अब तक के सबसे बड़े स्मरणोत्सवों में से एक में, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2021 के उपलक्ष्य में 800 स्थानों पर एक विशेष रद्दीकरण टिकट जारी किया।
3. एनटीपीसी भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में लगातार शामिल होने वाला एकमात्र पीएसयू है। एनटीपीसी पिछले साल के 47वें स्थान से बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस साल 38वें स्थान पर आ गया है।
4. उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव गुरुप्रसाद महापात्र का कोरोना संबंधी जटिलताओं की वजह से निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे।
5. नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) ने अपना 18वां स्थापना दिवस मनाया।
6. एक नए अनुसंधान से संकेत मिलता है कि मानक विषाद रोधी उपचार बड़े विषाद संबंधी विकार (एमडीडी) वाले रोगियों को नैदानिक और जैविक दोनों ही प्रकार से राहत प्रदान कर सकता है और इससे पहले ही राहत मिल सकती है।
7. गुजरात के जामनगर में 'सामाजिक अधिकारिता शिविर' में कोविड-19 महामारी के लिये नियमों का पालन करते हुए ब्लॉक/पंचायत स्तर पर 3805 दिव्यांगजनों को 3.57 करोड़ रुपये मूल्य के कुल 6225 सहायक और सहायता उपकरण निशुल्क वितरित किये जायेंगे।
8. हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड- एचपीसीएल ने हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में अनाज आधारित एक एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने का फैसला किया है।
9. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शरणार्थी शिविरों से बाहर रहने वाले श्रीलंकाई तमिलों को 4,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना शुरू की।
10. कट्टरपंथी न्यायपालिका प्रमुख इब्राहीम रईसी को ईरान का आठवां राष्ट्रपति चुना गया है, आंतरिक मंत्रालय ने घोषणा की है।

## 25-06-2021

1. भारतीय महिला हॉकी महासंघ (आईडब्ल्यूएचएफ) की सचिव अमृत बोस का निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थीं।
2. कुमार संगकारा को पीछे छोड़कर भारत के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को 21वीं सदी का सबसे महान टेस्ट बल्लेबाज चुना गया।
3. भारत के साजन प्रकाश ने बेलग्रेड ओपन तैराकी प्रतियोगिता में 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।
4. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने कहा है कि देश के दिव्यांगजनों में खेलों के प्रति रुचि और पैरालिंपिक में उनके अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रालय ने देश के विभिन्न हिस्सों में पांच 'दिव्यांगता खेल केंद्र' स्थापित करने का निर्णय लिया है।
5. टाटा मेमोरियल सेंटर ने भारत में मुंह के कैंसर की बीमारी और उपचार की लागत पर अपनी तरह का पहला अध्ययन प्रकाशित किया।
6. श्रीनगर सहित कश्मीर घाटी सभी 15 रेलवे स्टेशनों को अब भारतीय रेल के 6021 स्टेशनों पर उपलब्ध वाई-फाई नेटवर्क के साथ एकीकृत कर दिया गया है।
7. ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अनाथ बच्चों के लिए वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने वाली एक विशेष योजना आशीर्वाद की घोषणा की।
8. देश में 16 जनवरी से शुरू हुए कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत दो करोड़ टीके लगाने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य बन गया है।
9. भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि इस महीने की चार तारीख को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 605 अरब अमरीकी डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक सबसे अधिक है।
10. ग्रास कोर्ट पर खेली जाने वाली विंबलडन टेनिस प्रतियोगिता 28 जून से 11 जुलाई तक आयोजित की जाएगी।
11. चीनी फिल्म "मंचूरियन टाइगर" को 24वें शांगहाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में सम्मानित किया गया।

## 26-06-2021

1. भारत ने तोक्यो में 23 जुलाई से 8 अगस्त के बीच होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये स्ट्राइकर रानी रामपाल को राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम का कप्तान तथा दीप ग्रेस एक्का और सविता के रूप में दो उपकप्तान नियुक्त किये।
2. अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने देश के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में कोरोना टीकाकरण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए और कुछ निहित स्वार्थों द्वारा मौजूदा टीकाकरण अभियान के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों और आशंकाओं को "कुचलने और रोकने" के लिए एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान "जान है तो जहान है" शुरू किया।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने सम्बोधन के दौरान 'डब्ल्यूएचओ एम-योग' ऐप लॉन्च किया।
4. केन्द्र सरकार ने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को कोविड वैक्सीन मुफ्त उपलब्ध कराने के लिए अभियान शुरू किया है।
5. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री संजय धोत्रे ने यौगिक विज्ञान में एनआईओएस डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया।
6. सरकार ने सौर और पवन स्रोतों से उत्पन्न बिजली के पारेषण पर अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली-आई.एस.टी.एस. शुल्क की छूट 30 जून 2025 तक बढ़ा दी है।
7. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद का राष्ट्रीय पोषण संस्थान और तेलंगाना सरकार साथ मिलकर बच्चों में पहली बार सीरो सर्वे करेगी।
8. कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और राज्य कोविड कार्यबल प्रमुख डॉक्टर सी एन अश्वथ नारायण ने बेंगलुरु में दिव्यांग जनों के लिए सक्षम नाम से कोविड हेल्पलाइन 0120 690 4999 की शुरूआत की।
9. संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 2020 में 64 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया, विश्व में पांचवां सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल करने वाला देश रहा।
10. आर्मेनिया के कार्यवाहक प्रधानमंत्री, निकोल पशिनियन और उनकी सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी ने 53.92 प्रतिशत मतों के साथ संसदीय चुनाव जीत लिया है।

## 27-06-2021

1. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सदस्यों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के विधायकों, अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए 'भाषा सीखने के कार्यक्रम' की डिजिटल माध्यम से शुरूआत की।
2. केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद प्रधान ने कर्नाटक में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिनका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी केआईओसीएल ने किया है।
3. रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक के लिए करीब 583 करोड़ रुपये की लागत से दो प्रदूषण नियंत्रण पोत के निर्माण के लिहाज से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ अनुबंध किया है।
4. मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में नव स्थापित सरकारी मेडिकल कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस कॉलेज का नाम श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज रखा जाएगा।
5. कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने उन कलाकारों के लिए 6.23 करोड़ रुपये के वित्तीय सहयोग योजना की शुरुआत की जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण समस्याओं का सामना कर रहे हैं, सरकार द्वारा दूसरी लहर के लिए घोषित पैकेज का यह हिस्सा है।
6. गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने 'गुजरात इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2021' की घोषणा की, उन्होंने कहा कि इस नीति का लक्ष्य अगले चार साल के दौरान राज्य की सड़कों पर कम से कम दो लाख बिजलीचालित (इलेक्ट्रिक) वाहन लाना है।
7. 67 वर्षीय ऊषा लोदया ने 20 साल की उम्र में कॉलेज की पढ़ाई छोड़ दी थी और करीब 60 साल की आयु में उन्होंने अपनी पढ़ाई फिर से शुरू की तथा जैन धर्म में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की।
8. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान में, नोएडा स्टेडियम में शूटिंग रेंज का नाम "शूटर दादी" चंद्रो तोमर के नाम पर रखा जाएगा।
9. ब्रिटेन के अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी (आईएलओ), लेफ्टिनेंट कमांडर स्टीफन स्मिथ ने भारतीय नौसेना के इंफोर्मेशन फ्यूजन सेंटर-हिंद महासागर क्षेत्र (आईएफसी-आईओआर)में अपना कार्यभार संभाल लिया।
10. भारत के तजिन्दर पाल सिंह तूर ने पटियाला में भारतीय ग्रां प्री-फोर प्रतियोगिता में 21.49 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड थ्रो के साथ टोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई किया है।

## 28-06-2021

1. बिजली मंत्रालय के तहत भारत की सबसे बड़ी ऊर्जा समेकित कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने ग्रीन हाइड्रोजन, जो वर्तमान समय में सबसे लोकप्रिय तथा मांग वाले क्षेत्रों में से एक तथा ऊर्जा की अगली वाहक मानी जाती है, पर दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत गणराज्य तथा सेंट विंसेंट और द ग्रेनेडाइंस के बीच करों के संबंध में सूचना के आदान-प्रदान और संग्रह में सहायता के लिए एक समझौते को मंजूरी दी है।
3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के चौथे चरण के लिए पांच और महीनों के लिए अतिरिक्त अनाज के आवंटन की मंजूरी दी है।
4. प्रवर्तन निदेशालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों को धोखाधड़ी करके नुकसान पहुंचाने के एवज में विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी की 9 हजार 371 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति हस्तांतरित, कुर्क और जब्त की है।
5. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) और सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड (आरडब्ल्यूसी) की सभी संपत्तियों, देनदारियों, अधिकारों और दायित्वों के विलय और हस्तांतरण की मंजूरी दी है।
6. भाकपा (माओवादी) तेलंगाना प्रदेश समिति के सचिव हरिभूषण का निधन हो गया है। वह 50 वर्ष का था।
7. मेघालय के मंत्री बांटीडोर लिंगदोह ने बताया कि लकाडोंग हल्दी और अदरक पाउडर को पहली बार नीदरलैंड और ब्रिटेन को निर्यात किया गया है।
8. महिला रग्बी टीम की कप्तान सारा हिरिनी और रोइंग में दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हामिश बॉन्ड तोक्यो खेलों के उद्घाटन समारोह में न्यूजीलैंड के ध्वजवाहक होंगे।
9. श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने देश की राजनीति में इतिहास रचते हुए लगातार नौवीं बार सांसद के तौर पर शपथ ली, वह वर्ष 1977 के बाद से लगातार संसद पहुंचने वाले देश के पहले नेता बन गए हैं।
10. मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने वर्ष 2021 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 9.6 प्रतिशत कर दिया है, जो पिछले अनुमान के मुताबिक 13.9 प्रतिशत था।

## 29-06-2021

1. फिलीपीन के पूर्व राष्ट्रपति बेनिग्नो एक्विनो तृतीय का निधन हो गया है। वह 61 वर्ष के थे।
2. केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में ओलंपिक दिवस के अवसर पर टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों की भारतीय ओलंपिक टीम के आधिकारिक थीम सॉन्ग का शुभारंभ किया।
3. दिल्ली सरकार ने पूर्व ओलम्पिक पदक विजेता कर्णम मल्लेश्वरी को दिल्ली खेल विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया है।
4. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित उत्तरी क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण को संबोधित किया।
5. मिजोरम में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार और विश्व बैंक की ओर से 32 मिलियन डॉलर की एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
6. साउथम्प्टन में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराकर पहली विश्व क्रिकेट टेस्ट चैम्पियनशिप जीत ली है।
7. सिटी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) नवी मुंबई के नेरुल में एक विज्ञान पार्क बनाने के लिए एक भूखंड आवंटित करेगा।
8. सऊदी अरामको के चेयरमैन और वहां के प्रमुख संपत्ति कोष पीआईएफ के प्रमुख यासिर ओथमान अल-रुमायन रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में बतौर स्वतंत्र निदेशक शामिल होंगे।
9. पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में भगत कबीर चेयर और जालंधर में भगत कबीर भवन के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये की घोषणा की।
10. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और व्हाट्सऐप ने व्हाट्सऐप का डिजिटल स्किल चैंपियंस कार्यक्रम शुरू किया जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण देना है।

**30-06-2021**

1. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के चांदीपुर तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में एक मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) से स्वदेशी रूप से विकसित 122 मिमी कैलिबर रॉकेट के उन्नत रेंज संस्करणों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
2. मध्य प्रदेश के विक्रम भरतसिंह ने राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
3. भारत के राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 224 के उपबन्ध (1) में निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए सत्येन वैद्य को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश नियुक्त किया है।
4. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड द्वारा जुआरी एग्रो केमिकल्स लिमिटेड के जुआरीनगर संयंत्र के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।
5. नीति आयोग ने नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी के पॉलकी अध्यक्षता और भारतीय पोषण संस्थान की निदेशक डॉआर हेमलता की सह अध्यक्षता में मातृ, किशोरावस्था और बचपन के मोटापे की रोकथाम पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
6. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने आईआईटी, दिल्ली द्वारा विकसित कोविड-19 के लिए रैपिड एंटीजन जांच किट का शुभांरभ किया।
7. विश्व स्वास्थ्य, बौद्धिक संपदा और व्यापार निकायों के प्रमुखों ने कोविड के टीकों, उपचारों और प्रौद्योगिकियों तक पहुँचने में अंतराल को पाटने में दुनिया के देशों की मदद करने के लिए एक संयुक्त मंच की घोषणा की।
8. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्होंने लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर की बुनियादी ढांचा की योजना पर सीनेटरों के एक द्विदलीय समूह के साथ एक समझौता किया है।
9. विश्व बैंक ने सुधारों का समर्थन करने के लिए 400 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी, जो एक लचीला वित्तीय क्षेत्र प्राप्त करने में फिलीपीन सरकार की सहायता करने और कोविड महामारी से ज्यादा समावेशी वसूली सुनिश्चित करने में मदद करेगा।
10. इराकी तेल मंत्री एहसान अब्दुल-जब्बार इस्माइल ने सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थित एक अक्षय ऊर्जा डेवलपर मसदर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है।

11. इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि वित्त वर्ष 2022 में भारत की जीडीपी 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो पहले के 10.1 प्रतिशत के अनुमान से कम है।